

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज मोहित शर्मा अगले सीजन से टीम के गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी संभालते नजर आएंगे। वह मुख्य कोच जहीर खान की अगुवाई वाले सहयोगी स्टाफ का हिस्सा होंगे।
- काशी विश्वनाथन

सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तेज गेंदबाज मोहित शर्मा को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

रोहित शर्मा

भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनके इंटरनेशनल करियर की शुरुआत से ही दोनों के बीच मज़बूत रिश्ता रहा है और वे आज भी अपने खेल को बेहतर बनाने में एक-दूसरे की मदद करते हैं। रोहित ने कहा कि मुझे लगता है कि हम साथ थे। मेरे ख्याल से इसकी शुरुआत तब हुई जब हम ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे, या ऑस्ट्रेलिया के बाद जब हम भारत आए। तभी से यह शुरू हुआ, और जब भी यह टीवी पर दिखाया जाता है, हम एक-दूसरे को देखकर हंसते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... एशियन गेम्स 2018 में भारत ने 70 पदक जीते, जहां एक बार फिर से एथलेटिक्स सबसे सफल खेल रहा। भारत ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 20 पदक हासिल किया था।

// राजस्थान क्रिकेट संघ की एजीएम आयोजित //

आरसीए कार्यकारिणी चुनावों के लिये हुआ मतदान, परिणाम पर रोक

जाकिर हुसैन

जयपुर, 29 सितंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की एजीएम आज आरसीए अकादमी पर आयोजित की गयी व आरसीए कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव व कार्यकारिणी सदस्य चुनावों हेतु आज मतदान संपन्न हुआ। मतदान के सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार न्यायालय में अगली सुनवाई तक आरसीए चुनाव अधिकारी ऐ के पांडे, पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त व पुष्पेंद्र सिंह हाडा (सहायक चुनाव अधिकारी) ने मतपेटी को आरसीए कार्यकारिणी पदों केउम्मीदवारों की उपस्तिथि में पूर्ण रूप से सीलबंद कर सुरक्षित रखने के आदेश दिए।

11 से 12 लोग ऐसे थे, जिनका क्रिकेट से कोई लेना-देना नहीं था, उन्हें एंट्री क्यों : धनंजय

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार धनंजय सिंह ने कहा कि हम सभी के आधार कार्ड की गेट पर जांच के बाद ही एंट्री मिली। सिर्फ जिला क्रिकेट संघ के सदस्यों को अंदर आने दिया गया। मेरा सवाल है कि 11 से 12 लोग ऐसे थे, जिनका क्रिकेट से कोई लेना-देना नहीं था, उन्हें एंट्री क्यों मिली। दूसरा, डीडवाना-कुचामन, खैरथल-तिजारा और बालोतरा क्रिकेट संघ के सचिव के वोट पड़ने थे, जो एजीएम में भी आए थे, लेकिन इन्होंने वोट ही नहीं दिया। यह बड़ा सवाल है। हमने इलेक्शन कमीशन को भी शिकायत दी है।

डेमोक्रेटिक प्रोसेस से चुनाव हुआ : मोहित

उपाध्यक्ष और सचिव पद के उम्मीदवार मोहित यादव ने कहा कि डेमोक्रेटिक प्रोसेस से चुनाव हुआ है, अच्छा हुआ है। कोर्ट के जरिए जो रिजल्ट आएगा, वो देखा जाएगा। इलेक्शन को हमेश फ्री एंड फेयर होना चाहिए। जो शिकायत थी हमारी, वो इलेक्शन ऑफिसर्स को दी है।

कैबिनेट रैंक के व्यक्ति के आने की जांच हो : आशीष तिवाड़ी

कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार आशीष तिवाड़ी ने कहा कि आरसीए के चुनाव निष्पक्ष रूप से होने चाहिए, लेकिन हमें दुख हुआ। हमने सोचा था कि चुनाव साफ तरीके से होंगे, लेकिन यहां 11 व्यक्ति ऐसे थे, जिनका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं था। एक कैबिनेट रैंक का व्यक्ति भी था, जिसने वोटर्स को प्रभावित किया या नहीं किया, ये जांच का विषय है। हमने इलेक्शन ऑफिसर को रिटन में शिकायत दी है, इसकी जांच होनी चाहिए

3 वोटर ने अपनी इच्छा से वोट नहीं दिया : चुनाव अधिकारी

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एके पांडे ने बताया- 6 सदस्य की कार्यकारिणी के लिए मतदान प्रक्रिया हुई। कुल 38 मतदाता थे, लेकिन इनमें से 35 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। जबकि तीन मतदाताओं ने अपनी इच्छा से वोट नहीं देने की बात कही है। इसके बाद हमने सभी वोट जिस पेटी में थे, उसे सील पैक कर दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद ही अब परिणाम जारी किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कॉपी पढ़ने पर ही कुछ कहेंगे :चतुर्वेदी

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आरसीए के रिजल्ट पर रोक लगाई है। आदेश की कॉपी आने के बाद उसे पढ़ा जाएगा, उसके बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

धर्मवीर सिंह शेखावत ने नाम वापस लिया

धनंजय गुट के धर्मवीर सिंह शेखावत ने चुनाव से पहले अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने सभी सचिव के सामने घोषणा करते हुए कहा- मेरा नामांकन गलती से रह गया था। ऐसे में मैं अब इस चुनावी मुकाबले में शामिल नहीं हूं। ऐसे में अब बृजकिशोर गुट के अरिष्ट सिंघवी का कार्यकारी सदस्य के पद पर निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है।

अभी परिणाम जारी नहीं करेंगे : भास्कर ए. सावंत

आरसीए के प्रशासक भास्कर ए. सावंत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के वकील से बात हुई है। उनका कहना है कि वोटिंग की जाए, लेकिन परिणाम जारी नहीं किया जाए। हालांकि आदेश की कॉपी अभी मैंने नहीं देखी है। इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं है। हाईकोर्ट ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी को निलंबित (सस्पेंड) कर दिया था। तब गृह विभाग के सेक्रेटरी (आईएएस) भास्कर ए. सावंत को आरसीए का इंचार्ज नियुक्त किया गया था।

आरसीए पर कोई ग्रहण लगा हुआ है : पराक्रम राठौड़

आरसीए में जारी विवाद और लगातार हो रही घटनाओं पर पराक्रम राठौड़ ने तंज कसते हुए कहा कि आरसीए पर जैसे कोई ग्रहण लगा हुआ है। उन्होंने कहा मुझे तो अब यहां की कुंडली देखनी पड़ेगी कि आखिर हो क्या रहा है। सभी जिला क्रिकेट संघों के पदाधिकारियों को हवन करवाना चाहिए। पता नहीं आरसीए में इस तरह की सनसनीखेज घटनाएं और झगड़े क्यों होते आ रहे हैं। नामांकन वापस इसलिए लिया कि जब ये पैनल कह दिया गया कि ये सरकार का पैनल है, ये पार्टी की तरफ से बनाया हुआ पैनल है। मैं जिस परिवार से आता हूँ, मैंने, मैं जब छोटा बच्चा था, मेरे को याद है मैं निक्कर पहनता था, तब मैं भारतीय जनता पार्टी के हर चुनाव में जाके भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाता था। मैंने खुद ने रात-रात भर लेई बना के और भारतीय जनता पार्टी के कैंडिडेट्स के पोस्टर छापे हैं। तो मेरी जो परवरिश हुई है, वो वैसे हुई है और मेरे को जो ऊपर से आदेश आ जाता है, उसके खिलाफ जाने का मेरे, ना तो मेरे कभी विचार आएगा और ना मैं ऐसा कुछ महिलाओं को जगह मिलनी चाहिए। महिलाओं को जगह मिलनी चाहिए। उसमें ये कहा गया है। देखिए, मैं सिर्फ आरसीए और क्रिकेट की बात नहीं कर रहा। मैं इस बात का पुरजोर समर्थन करता हूँ कि जो हमारे देश की 50 आबादी है, मैं ये मानता हूँ कि आज जहाँ मैं हूँ, उस मेरे को

पहुँचाने में मेरी माताजी और मेरी पत्नी का बहुत बड़ा योगदान है। मैं इस बात को पूरा समर्थन देता हूँ कि महिलाओं को उनका हक ज़रूर मिलना चाहिए। उनकी निष्ठा पे कोई प्रश्नचिन्ह नहीं है। वो बहुत पार्टी के लिए बढ़िया सोचते हैं सारी चीज़ें। मेरी उनसे आज बात हुई। मैंने पूछा, भाई क्या हो रहा? तो उन्होंने ये कहा कि हमारे को किसी ने कहा ही नहीं। तो ये हो सकता है कि कहीं न कहीं कोई कम्युनिकेशन गैप रह गया। उन तक बात पहुँची नहीं। भले हमको कोई कहते, कोई आके हमको एक बार बोलता तो हम पीछे हट जाते। ऐसी कोई बात नहीं। आप लोगों ने क्या चुनाव से पहले दोनों ने कोई चर्चा नहीं की? मैं और धनंजय दोनों का बड़े भाई छोटे भाई का रिश्ता है। और मैं पिछले ढाई साल से धनंजय से नहीं मिला। इसलिए नहीं मिला कि मेरी अंतरात्मा ही अनुमति नहीं दे रही थी। मुझे लगा कि अगले महीने चुनाव होगा । क्योंकि जब भी यह तदर्थ समिति गठित हुई थी, तो उसे 3 महीने में चुनाव कराने का आदेश दिया गया था। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था कि तदर्थ समिति ने कोई चुनाव नहीं कराया, जो उनको जिस उद्देश्य के लिए तदर्थ समितियां बनाई गईं और मैं इसलिए टाल कर रहा था मेरे छोटे भाई से मिलना कि आज तो मैं उसके साथ बैठ रहा हूँ और कल उसके सामने चुनाव लड़ रहा हूँ। ये ऐसा मैं इंसान नहीं हूँ। तो मैंने ये प्रण लिया था कि जब आरसीए का चुनाव खत्म होगा, उसके बाद हम वापस से भाई-भाई मिलेंगे। आशीष भी मेरे छोटे भाई जैसे हैं। मोहित से मेरा इतना ज्यादा परिचय नहीं था। आज मेरा मोहित से बैठ के हमारी बात हुई। वो भी वह एक सच्चे सज्जन, बहुत ही सभ्य और अच्छे इंसान हैं, मैं ये मानता हूँ।

नकवी के खिलाफ एसीसी बोर्ड के 3 सदस्य, बांग्लादेश को मिल सकती है कमान



नई दिल्ली, 29 सितंबर। एशियाई क्रिकेट परिषद में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी का कार्यकाल अप्रैल 2027 के बाद आगे बढ़ने की संभावना फिलहाल कमजोर दिखाई दे रही है। मौजूदा हालात में परिषद के कार्यकारी बोर्ड से उनके कार्यकाल को बढ़ाने के लिए जरूरी समर्थन मिलना मुश्किल बताया जा रहा है। नकवी का मौजूदा कार्यकाल 2 अप्रैल 2027 को पूरा होना तय है।मौजूद जानकारी के अनुसार, एशियाई क्रिकेट परिषद के कार्यकारी बोर्ड में शामिल 5 पूर्ण सदस्य देशों में से कम से कम 3 और संभवत: 4 देश नकवी के कार्यकाल को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं हैं। इन 5 देशों में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान शामिल हैं। परिषद के अध्यक्ष का पद आम तौर पर पूर्ण सदस्य देशों के बीच हर 2 साल में घूमता है।

इस व्यवस्था के तहत अब बांग्लादेश की बारी है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष तमीम इकबाल के परिषद की जिम्मेदारी संभालने में रुचि रखने की बात सामने आई है। ऐसे में मौजूदा व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए नकवी को सभी प्रमुख सदस्यों का समर्थन हासिल करना जरूरी होगा, जो मौजूदा परिस्थितियों में आसान नहीं माना जा रहा है। कुछ समय से यह चर्चा भी थी कि नकवी अगले वार्षिक आम बैठक तक पद पर बने रह सकते हैं।

आज डाला जाएगा क्वालीफाइंग मुकाबलों का ड्रॉ

ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता

जयपुर, 29 सितंबर। राजस्थान के वयम लाम्बा, श्रेयांष चौधरी और सात्विक अग्रवाल भी यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में 1 से 9 अक्टूबर तक होने वाली योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर (अंडर-15 एवं अंडर-17) रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में पदक के लिए दावेदारी पेष करेंगे।

राजस्थान बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष मनोज दासोत ने बताया कि प्रतियोगिता में लड़को के अंडर-15 के एकल व युगल में वयम लाम्बा, श्रेयांष चौधरी एकल, युगल व मिश्रित युगल तथा सात्विक अग्रवाल के मुकाबलों में उतरेंगे। इसी आयु वर्ग के लड़कियों के वर्ग में लक्षिता भारद्वाज एवं पदमजा सिंह भी मुख्य ड्रॉ में खेलेगी। अंडर-17 बालक वर्ग के एकल व मिश्रिति युगल में अंषुमन चौधरी, बालक युगल में हर्मन पंडित और कंदर्प शर्मा, मिश्रित युगल में कंदर्प शर्मा और देषना जैन, बालिका एकल में रितिका झमनानी भी मुख्य ड्रॉ में खेलेगी।

उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के चीफ रेफरी केरल के हबीब रहमान मंगलवार को जयपुर पहुंच गए और शाम को उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ राजस्थान बैडमिंटन संघ व आयोजन सचिव के.के. शर्मा, बैडमिंटन एषिया रेफरी राजीव मेहता, भारतीय बैडमिंटन संघ के रेफरी लोकेष सोनी, राष्ट्रीय स्तरीय रेफरी त्रिलोक शुक्ला, राष्ट्रीय स्तरीय रेफरी चंद्रकांत शर्मा व ग्रेड-1 अम्पायर विनित शर्मा भी मौजूद थे।

चीफ रेफरी ने बताया कि क्वालिफाइंग मुकाबलों का ड्रॉ बुधवार की शाम 5 बजे डाला जाएगा और खिलाड़ियों की सीडिंग भी जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 1800 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और क्वालिफाइंग राउंड से 32 खिलाड़ी मुख्य ड्रॉ में प्रवेष करेंगे। उन्होने बताया कि दोनो आयु वर्ग के एकल में 30 वरियता प्राप्त खिलाड़ी और क्वालिफाइंग राउण्ड से 32 खिलाड़ी मुख्य ड्रॉ में खेलेंगे। दो प्रविष्टियां मेजबान की होगी। इसी प्रकार युगल मुकाबलों में 32 का ड्रॉ होगा जिनमें 15 वरियता प्राप्त जोड़ियों के अलावा 16 जोडियां क्वालिफाइंग राउण्ड से मुख्य ड्रॉ में प्रवेष करेगी साथ ही एक एक जोडी वाइल्ड कार्ड एंट्री होगी।

// एशियाई खेल //

एशियन गेम्स 2026 में शूटर नीरू ढांडा का गोल्डन निशाना, भारत के लिये रचा इतिहास

28 सटीक निशाने साधते हुए न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि नया एशियन रिकॉर्ड भी कायम किया।

28 सटीक निशानों के साथ एशियन रिकॉर्ड, नीरू ढांडा का ऐतिहासिक स्वर्ण

नीरू धांडा ने फाइनल मुकाबले में शानदार एकाग्रता और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। उनके 28 अंकों के प्रदर्शन ने इससे पहले के 24 अंकों के एशियन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस स्वर्णिम प्रदर्शन के साथ नीरू एशियन गेम्स में महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बन गईं। नीरू की यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि उन्होंने आशिमा अहलावत और मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी मनीषा कीर के साथ महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में भारत को रजत पदक दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आइची-नागोया, 29 सितम्बर। एशियन गेम्स 2026 में मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की प्रतिभावान खिलाड़ी नीरू ढांडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स की महिला ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने 30 में से

भारतीय महिला 4400 मीटर रिले टीम ने जीता स्वर्ण, 44 साल का पदक सिलसिला बरकरार

भारतीय मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल ने पुरुषों के 90 किग्रा वर्ग में जीता कांस्य

भारतीय मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल ने आइची-नागोया एशियन खेल 2026 में पुरुषों के 90 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। नरेंद्र को सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन आइबेक ओरलबे के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में हार के बावजूद नरेंद्र को कांस्य पदक मिला।

अंकुश ने 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में बनाई जगह, रजत पदक पक्का

भारत के युवा मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने एशियन खेल 2026 में पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में अंकुश ने उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन फज़लिद्दीन एर्किनबोएव को 4-1 के विभाजित फैसले से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले का टिकट कटाया।

परवीन हुड्डा ने 65 किग्रा फाइनल में बनाई जगह, रजत पदक पक्का

भारतीय मुक्केबाज परवीन हुड्डा ने एशियन खेल 2026 में महिलाओं के 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बना ली है। निशियो जिम्नेजियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल में परवीन ने चीन की ली शू को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया।

धीरज बोम्मदेवरा और नीरज चौहान रिकर्व के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

भारत के तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा और नीरज चौहान ने मंगलवार को एशियाई खेल 2026 में पुरुषों की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों ने राउंड ऑफ 16 में शानदार जीत दर्ज की। शीर्ष वरीय धीरज ने चीनी ताइपे के चेंग हिसयांग-हुई को 6-2 से हराया। धीरज ने इससे पहले राउंड ऑफ 32 में फिलीपींस के गिर्विन गार्सिया को 6-0 से मात दी थी। चेंग के खिलाफ मुकाबले में धीरज को कड़ी चुनौती मिली, लेकिन उन्होंने दबाव में संयम बनाए रखते हुए जीत हासिल की। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना उज्बेकिस्तान के अमिरकोन सादिकोव से 3 अक्टूबर को होगा। वहीं, नीरज चौहान ने राउंड ऑफ 16 में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

भारतीय एथलीट देव मीना ने पोल वॉल्ट में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

भारतीय एथलीट देव मीना ने मंगलवार को एशियन खेल-2026 की पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर कर नया कीर्तिमान बनाया। देव ने 5.50 मीटर की ऊंचाई पार कर अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ा और नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी दर्ज किया। देव का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 5.46 मीटर था, जो उन्होंने इसी साल इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने एशियन खेल के लिए निर्धारित क्वालीफाइंग मानक भी हासिल किया था। इससे करीब एक महीने पहले रांची में आयोजित फेडरेशन कप में देव मीना और कुलदीप कुमार ने 5.45 मीटर की समान ऊंचाई पार करके राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

भारत ने मिश्रित 4100 मी. रिले में जीता कांस्य, बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

भारत ने एशियन गेम्स-2026 में मिश्रित 4100 मीटर रिले में कांस्य पदक जीतकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। गुरिंदरवीर सिंह, स्नेहा सत्यनारायण, अनिमेष कुजूर और हरिता भद्रा की भारतीय चौकड़ी ने फाइनल में 41.06 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने इस प्रदर्शन के साथ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर किया। इससे पहले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 41.35 सेकंड का था, जो रागुल कुमार, नित्या गांधे, अनिमेष कुजूर और स्नेहा सत्यनारायण ने 2026 विश्व रिले चैंपियनशिप में बनाया था।

गुलवीर ने 5000 मीटर में जीता कांस्य, एक ही खेलों में तीन व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बने

भारतीय एथलीट गुलवीर सिंह ने एशियन खेल-2026 में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। गुलवीर ने मंगलवार को 13:32.75 मिनट का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। यह मौजूदा एशियन खेल में उनका तीसरा व्यक्तिगत पदक है। वह एक ही एशियन खेल में तीन व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट बन गए हैं। बहुत करीबी मुकाबले में बहरीन के बिरहानु बालेव ने 13:30.79 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि जापान के तोमोनोरी यामागुची ने 13:31.43 के समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया। गुलवीर ने इससे पहले पुरुषों की 10,000 मीटर और 1500 मीटर स्पर्धाओं में रजत पदक जीता था। 5000 मीटर में कांस्य के साथ उन्होंने एशियन खेल में पदकों की हैट्रिक पूरी कर ली।

टीम मेफेयर 84 ने जीता टूर्नामेंट का पहला मैच, टीम मेफेयर पोलो को 10-7 के स्कोर से हराया

जयपुर, 29 सितंबर। वार्षिक सितम्बर जयपुर पोलो सीज़न 2026 के अंतर्गत भावनगर पोलो ट्रॉफी (08 गोल्स) के लिए मंगलवार से टूर्नामेंट का आगाज हुआ। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला पेट्रन्स पोलो क्लब पर टीम मेफेयर 84 और टीम मेफेयर पोलो के बीच खेला गया। टीम मेफेयर 84 ने इस रोमांचक मैच में 10-7 के स्कोर से टीम मेफेयर पोलो को हराकर जीत हासिल की। विजेता टीम मेफेयर 84 की ओर से शमशीर अली ने बेहतरीन प्रदर्शन करते

हुए 5 गोल किए। वहीं, हुर्र अली ने 3 गोल और अनय शाह ने 2 गोल हासिल किए। टीम से प्रताप सिंह कानोता भी खेले। दूसरी ओर, टीम मेफेयर पोलो से मार्टिन कार्लोस डोनोवन ने शानदार प्रदर्शन किया और 5 गोल दागे। जबकि, कुलदीप सिंह राठौड़ ने 2 गोल किए। टीम में जयवीरसिंह गोहिल और रणशय पुरोहित भी शामिल रहे।

टीम स्टर्नहेगन और टीम नेवी पोलो के बीच मुकाबला आज

भावनगर पोलो ट्रॉफी के लिए दूसरा मुकाबला कल, बुधवार को पीपीसी ग्राउंड पर शाम 4.30 बजे से टीम स्टर्नहेगन और टीम नेवी पोलो के बीच खेला जाएगा।

महिला हॉकी में भारत के सामने दक्षिण कोरिया की चुनौती, नजरें स्वर्ण पदक पर

नई दिल्ली, 29 सितंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियन खेल-2026 के सेमीफाइनल में बुधवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ उतरेगी। भारतीय टीम की नजरें 44 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए एशियन खेल में दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने पर हैं। मुकाबला जापान के कावासाकी जुको स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने पूल बी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने सभी पांच मुकाबले जीते और शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने उज्बेकिस्तान को 19-0, इंडोनेशिया को 17-1 और थाईलैंड को 20-1 से हराया। इसके बाद मेजबान जापान को कड़े मुकाबले में 3-1 से शिकस्त दी और पूल चरण का अंत सिंगापुर के खिलाफ 7-0 की जीत के साथ किया। दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया ने पूल ए में चार जीत के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। उसे केवल चीन के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि बांग्लादेश के खिलाफ टीम ने 8-0 की बड़ी जीत दर्ज की।

श्री चरणी ने टी-20 बॉलिंग रैंकिंग में रचा इतिहास

// 817 पॉइंट्स के साथ बनाया नया रिकॉर्ड //

नई दिल्ली, 29 सितंबर। भारत की श्री चरणी ने महिला टी -20 बॉलिंग रैंकिंग में सबसे ज़्यादा रेटिंग पॉइंट्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 22 साल की इस खिलाड़ी ने एशिया कप और एशियन गेम्स जैसे दो बड़े टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 817 पॉइंट्स हासिल किए। इसके साथ ही, उन्होंने मेगन शट का सबसे ज़्यादा पॉइंट्स का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया, जो नवंबर 2018 में बना था। ऑस्ट्रेलिया की इस खिलाड़ी के नाम 806 पॉइंट्स का रिकॉर्ड था और चरणी के इसे तोड़ने से पहले यह रिकॉर्ड लगभग आठ साल तक कायम रहा। खास बात यह है कि भारत के आठवें एशिया कप खिताब जीतने के सफर में चरणी ने 12 विकेट लिए। श्रीलंका के खिलाफ़ फ़ाइनल मैच में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया; उन्होंने 20 रन देकर चार विकेट लिए और भारत ने 72 रनों से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। चरणी ने जापान में हुए एशियाई खेलों में भी अपना शानदार फ़ॉर्म जारी रखा। मेज़बान टीम के ख़िलाफ़ चरणी ने 4/10 के अपने करियर के सबसे अच्छे आंकड़े दर्ज किए, जिससे भारत को सेमीफ़ाइनल में पहुँचने में मदद मिली। इसके बाद, 22 सितंबर को श्रीलंका के ख़िलाफ़ गोल्ड-मेडल मैच में उन्होंने दो विकेट लिए, जिसमें भारत ने 147 रनों से जीत हासिल की। इस प्रदर्शन से उनकी रेटिंग रिकॉर्ड 817 तक पहुँच गई।